प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6182

दिनांकः 14 सितम्बर, 2022

सेवामें,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त विद्यार्थी
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2021–22 के अन्तिम वर्ष में उत्तीर्ण छात्रों का हिन्दी नाम एवं उपाधि प्राप्त करने हेतु स्थायी पता संशोधन / उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सत्र 2021–22 के अन्तिम वर्ष में उत्तीर्ण होने वाले छात्र / छात्राओं को गत् वर्ष की भांति ही आगामी दीक्षान्त समारोह के उपरान्त उपाधि भारतीय स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके पते पर भेजी जाना है। गत / विगत् वर्षो में यह पाया गया है कि छात्र का हिन्दी नाम एवं स्थायी पता पूर्ण न दिये जाने के कारण उनको भेजी गयी उपाधि विश्वविद्यालय में वापस आ जाती है तथा हिन्दी नाम में त्रुटि के कारण कई उपाधियां छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय को संशोधन हेतु वापस की जाती है। इस समस्या के निराकरण के लिए सत्र 2021–22 मे उत्तीर्ण छात्र / छात्राएं अपनी ERP स्टूडेन्ट लॉगिन तथा सम्बन्धित संस्थान अपने निदेशक ERP Login के माध्यम से लॉगिन कर सम्बन्धित सूचनाओं को अपडेट / उपलब्ध कराये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। छात्र / छात्राएं अपने ERP स्टूडेन्ट लॉगिन कर My Profile में जा कर Address Table टेब पर क्लिक कर अपना स्थायी पता (जहां पर छात्र उपाधि प्राप्त करना चाहता हैं) तथा सम्बन्धित संस्थान आपने ERP Login में उपलब्ध स्टूडेन्ट डाटा बैंक में जाकर हिन्दी नाम को **दिनांक 30.09.2022** तक संशोधित / अपडेट कर सकते है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि छात्र / छात्राओं के अंग्रेजी नाम व पिता के इत्यादि में संशोधन हेतु सम्बन्धित संस्थान नामांकन विभाग से सम्पर्क करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 14/09/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक